# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

प्रेस विज्ञप्ति                                                                                    06.10.2025

**थाना कैराना पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः-**

ज्ञात हो कि थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त द्वारा पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व धमकी देने की घटना कारित की गयी थी। घटना के सम्बन्ध में दिनाँक 08.09.2025 को पीडिता द्वारा थाना कैराना पर तहरीर दी गई। पीडिता की तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कैराना को निर्देशित किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 06.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने व धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.वसीम पुत्र नसीबुदीन निवासी ग्राम गंगेरु थाना कांधला जनपद शामली।



**<u>“शक्ति मोबाइल” टीम व एण्टीरोमियो टीम महिला थाना द्वारा अश्लील इशारे करने के मामले में 03 अभियुक्त गिरफ्तारः-</u>**

आज दिनांक 06.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के तहत गठित “शक्ति मोबाइल” टीम व एण्टीरोमियो टीम महिला थाना द्वारा चैकिंग/गश्त करते समय जैन कन्या इण्टर कालेज के पास से आने जाने वाली लड़कियो व महिलाओं को अश्लील इशारे करने के मामले में 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में महिला थाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>**

1.मुबारिक पुत्र हारुन निवासी ग्राम महरमपुर थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली।

2.सलमान पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम भैंसी थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

3.आफताब पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम भैंसी थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।







SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI